Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to restore number of coaches in Sinhagad Express (Train No.11009/10)

श्री श्रीरंग आप्पा बारणे (मावल): माननीय सभापति महोदय, सिंहगड एक्सप्रेस (11009/11010) को दि.14.03.2020 से नये एलएचबी कोच मे परिवर्तित किया गया था। इस समय सिंहगड एक्सप्रेस की बोगी संख्या 19 थी जिसे कम करके 16 बोगी की गई और नए एलएचबी कोच में सीट संख्या 1908 से घटाकर 1818 हो गई। इस दौरान कोविड-19 महामारी के कारण दि. 23.03.2020 से संपूर्ण भारत देश में लॉक डाउन के कारण सभी मेल एक्सप्रेस तथा लोकल ट्रेन सुविधा बंद की गई। अब सिंहगड एक्सप्रेस मे लोकल (जनरल) टिकट की सुविधा फिर से शुरु की गई। लेकिन यह सुविधा देते समय सिंहगड एक्सप्रेस की फिर से 2 बोगी घटा दी गई और अब सिर्फ 14 बोगी ही रह गई हैं जबकि बोगी संख्या कम होने से सीटों की संख्या भी घटकर 1300 हुई है। इन 2 बोगी के कम होने के कारण पुणे-मुंबई-पुणे यात्रा करने वाले सभी यात्रियों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। सिंहगड एक्सप्रेस सुबह पुणे से मुबई जाने वाले पहली गाडी होने के कारण इसमें हजारों यात्री रोजाना पुणे-मुंबई-पुणे यात्रा करते हैं। और बोगी संख्या कम होने के कारण हजारो यात्रियों को पुणे-मुंबई-पुणे के बीच खड़े खड़े यात्रा करनी पड़ती है। इसमें छोटे बच्चे, महिला, बुजुर्ग लोगों की संख्या सबसे ज्यादा होती है। अतः मैं सरकार से मांग करता हूँ कि सिंहगड एक्सप्रेस (11009 / 11010) में फिर से 2 कोच बढाकर 16 कोच किये जायें जिससे जनरल कोच से यात्रा करने वाले सभी यात्रियों को फिर से अच्छी सुविधा उपलब्ध होगी।